राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT उदयपुर

हवामहल

बच्चों का झरोखा

09 मार्च 2024 । शनिवार । वर्ष : 4 । अंक : 202

आज की कविता

मुन्ना रो रहा था

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Infobells**

मुन्ना की नींद अचानक खुल जाती है और वो ऊआं ऊआं करके रोना शुरू कर देता है। भाई उसके पास गुड़िया लेकर आता है लेकिन वो चुप नहीं होता। बहन उसके पास दूसरा खिलौना लेकर आती है पर वो चुप नहीं होता। अब माँ आती है वह उसे गोद में उठाती है। क्या मुन्ना चुप होगा? कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज की कहानी

चीकू और तुई

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **BookBox**

चीकू के घर एक दिन एक तोता का बच्चा आ गया। चीकू और उसकी माँ ने उसे संभाल कर पाल लिया। धीरे धीरे तोता चीकू का दोस्त बन गया, वह उसके साथ खेलता, फल और सब्जियां खाता। चीकू ने उसका नाम तुई रखा। चीकू की माँ ने उसके लिए एक पिंजरा ला दिया। एक दिन तुई उड़ गया। क्या वह वापस आया ? कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

आज की किताब

हिरन की साइकिल

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Room to Read**

हिरन को अपने मामा के घर से साइकिल मिली है। सब लोग हिरन की साइकिल की सवारी करके मेले में जाना चाहते हैं। भालू, खरगोश, गिलहरी, तोते और गौरिया सभी। पर शायद साइकिल सब का भार एक साथ न ले पाए। रास्ता ऊंचा नीचा और धूल भरा है। मिट्टी में लोट पोट होने के बाद सारे जानवर क्या करेंगे? क्या वे मेले जा पाएंगे? कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

आज की गतिविधि

मोबाइल कवर

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | **Arvindguptatoys**

आजकल हर हाथ में मोबाइल है। और तरह तरह के मोबाइल कवर भी बाजार में हैं। कोई लकड़ी का, कोई प्लास्टिक का, कोई रबर का और आजकल तो जूट और सेरेमिक के भी मोबाइल कवर मिल रहे हैं। आज हम एक नई तरह का गुब्बारे से बना मोबाइल कवर बनाना सीखेंगे। उसके लिए हमें चाहिए बस अलग अलग तरह के गुब्बारे। विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

टीचर्स कॉर्नर

अंग्रेजी भाषा और प्राथमिक शिक्षा

शिक्षकों के लिए | **Digantar**

विविध भाषा भाषी लोगों के बीच अंग्रेजी एक ऐसी भाषा है जो ज्यादातर लोगों द्वारा बोली जाती है। इसके अलावा सूचना तकनीक और प्रौद्योगिकी भी अंग्रेजी में ही उपलब्ध है। ज्ञान विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में सामग्री भी अंग्रेजी में ही उपलब्ध है। इन सबके चलते क्या अंग्रेजी भाषा का शिक्षा से कोई सरोकार है? इस आलेख में इन्ही सवालों के इर्द गिर्द बात है। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

हमारा पुस्तकालय

भाषा शिक्षण की शुरूआत

शिक्षकों के लिए | **Education Mirror**

भाषा शिक्षण की शुरूआत कैसे करें? बहुत से शिक्षक साथियों के सामने यह सवाल आता होगा? अगर आपके मन में ऐसे सवाल आते हैं तो यह लेख आपके लिए है। ब्लॉग पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? आपके सुझावों से अवगत कराने के लिए नीचे दी गई सुझाव पेटी पर क्लिक करें |

साथियों, हवामहल का 202वां अंक आपके साथ साझा किया जा रहा है I आशा है इसके पाठको की अपेक्षाओं पर यह खरा उतरेगा I अगले सप्ताह प्रसारित होने वाले अंक के लिए आप सभी से निवेदन है कि अपनी रचनाएँ बायीं और दी गई सूझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक कर भेजें I धन्यवाद I

हवामहल के सभी अंको को प्राप्त करने के लिए QR कोड SCAN करें |

#सबपढ़े #सबबढे